# वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विवि में फैकल्टी विकास शुरू

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून**। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में सोमवार से एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आरंभ हो गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल तकनीकी और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और ज्ञान प्रदान करना है। विश्वविद्यालय के एकेडेमिक स्टाफ डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) और इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोपेश्वर के सहयोग से आयोजित इस एफडीपी में सी-डैक पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर विशेष व्याख्यान दिए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए एआई और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों के महत्व पर जोर दिया और राज्य के सभी शिक्षकों को इस एफडीपी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सी-डैक पटना के निदेशक आदित्य कुमार सिन्हा ने भी इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सम्पूर्ण भारत के शिक्षकों को इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया, ताकि वे डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और प्रभावी तरीके से योगदान दे सकें। इस अवसर पर निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोपेश्वर डा.अमित अग्रवाल, समन्वयक एएसडीसी डा.संदीप सिंह नेगी और लगभग 72 अन्य शिक्षकों ने भी उपस्थिति दर्ज की। इन सभी शिक्षकों ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।